प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग,
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर–03
दूरभाष.2552646,2552878 फैक्स 2552406,2551253
Email -encwrbpl.mp.@nic.in
–0–

क्रमांक 3314100/1–3/2019 (1)/2304 भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर,2021

प्रति,

श्री प्रवीण शर्मा,
प्रान्तीय अध्यक्ष,
मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग
स्पोर्टस क्लब,भोपाल {मध्यप्रदेश}

विषयः– मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब, आवेदन पत्र– श्री बसारत खान, क्षैत्रीय स्पोर्ट्स क्लब, होशंगाबाद{मध्यप्रदेश}

–0–

श्री बसारत खान, क्षैत्रीय स्पोर्ट्स क्लब, होशंगाबाद{मध्यप्रदेश} के पत्र दिनांक 18–11–2021 की छाया प्रति सम्प्रेषित कर लेख है कि बिन्दूवार वस्तुस्थिति मय अपने मत/साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार ।

(ओ पी गुप्ता)
अधीक्षण यंत्री{प्रशासन}

30/11

श्रीमान प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग,
एवं मुख्य ट्रस्टी स्पोर्ट्स क्लब
म.प्र.

2? NOV 2021
कक्ष

विषय :– स्पोर्ट्स क्लब के निर्वाचित पदाधिकारी को पुनः पद पर बहाली करने बावत्।

महोदय,

अनुरोध है कि मैं बसारत खान शासन द्वारा मान्यता प्राप्त म.प्र. सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्ट्स क्लब का संरक्षक सदस्य हूँ तथा दिनांक 30/08/2021 के पूर्व तक क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद का विगत 10 वर्षों से निर्विरोध निर्वाचित हूँ। विभाग की 30वीं अंतर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता विभाग के खेल कैलेण्डर के अनुसार खेल प्रतियोगिता का दायित्व होशंगाबाद क्षेत्र को सौंपा गया था इस हेतु कार्यपालन यंत्री तवा संभाग इटारसी को प्रतियोगिता का आयोजक नियुक्त किया गया था। कार्यपालन यंत्री एवं क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब होशंगाबाद द्वारा संयुक्त प्रयासों से खेल प्रतियोगिता कराने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई मैदानों का आवंटन आवासीय व्यवस्था का आवंटन तथा अन्य समस्त आवश्यक तैयारियां भी कर ली गई थीं। प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग द्वारा पत्र क्रं. 3314100/1–3/2019/2230 दिनांक 21/01/2019 द्वारा प्रस्तावित प्रतियोगिता दिनांकों (15/12/2019 से 21/12/2019) में विधानसभा सत्र का संदर्भ लेकर होशंगाबाद के द्वारा प्रस्तावित तिथियों (17/01/2020 से 23/01/2020) पर प्रतियोगिता कराने की तिथि संशोधित कर दी गई किंतु प्रतियोगिता सम्बंधी तिथि परिवर्तन करने हेतु स्पोर्ट्स क्लब के किसी भी पदाधिकारी से ना तो परामर्श किया गया और ना ही उनके संज्ञान में लाया गया इस सम्बंध में मैंने क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद होने के नाते मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग को पत्र क्रं. 24 दिनांक 22/11/2019 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करायाग गया किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। पुनः प्रस्तावित तिथियों दिनांक 17/01/2021 से 23/01/2021 तक प्रतियोगिता स्थल पर आवासीय एवं मैदानों की व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जा सकी।

(Margin notes: P-18, P-24; SE ... CE ...)

694
30/11/21

| का.यं. (सत) | व.प्र.अ 411 | विधि कक्ष |
| --- | --- | --- |
| 331 | 332 | 412 |

30/11

निरंतर –2–

पुनः प्रमुख अभियंता के पत्र दिनांक 3314100/1-3/2019/295 दिनांक 19/02/2021 द्वारा प्रतियोगित आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया क्लब के 30 साल के इतिहास में पहली बार खेल प्रतियोगिता हेतु बहुत ही कम आवंटन उपलब्ध कराने के बावजूद भी होशंगाबाद क्षेत्र एवं प्रतियोगिता के आयोजन द्वारा प्रतियोगिता कराने की भरपूर कोशिश की गई, यह प्रयास किया गया कि अभी तक के इतिहास में विभाग के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जावे इसमें होशंगाबाद क्षेत्र सफल रहा था समस्थ उपस्थित क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने मुक्तकण्ठ से आवासीय व्यव्स्था की प्रशंसा की थी। समस्त क्षेत्रों की टीमें दिनांक 15/03/2020 को होशंगाबाद पहुंच गई थी। स्पोर्ट्स क्लब की परंपरा अनुसार एक दिन पहले होने वाली बैठक के बीच में अचानक मुख्य अभियंता होशंगाबाद द्वारा कोविड 19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए खेल प्रतियोगिता तत्काल निरस्त करने हेतु क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सूचित किया गया जिसके पालन में प्रांतीय पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मत निर्णय लिया कि 30वीं अंतर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता आगामी आदेश तक स्थगित कर दी जाये। प्रमुख अभियंता के पत्र क्रं 3314100/1-3/2019/453 दिनांक 09/03/2021 द्वारा प्रतियोगिता की तीसरी बार संशोधित की गई तिथि दिनांक 15/03/2021 से 23/03/2021 तक आयोजित न कराने का कारण उल्लेख करते हुए लिखा गया कि अधिनस्थ सदस्य क्षेत्रीय अध्यक्षों द्वारा कोविड 19 संक्रमण के कारण प्रतियोगिता में भाग लेने में असमर्थ था व्यक्त की गई जिसकी एक बानगी यह है कि इंदौर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा लिखा गया कि होशंगाबाद क्षेत्र द्वारा इंदौर क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिये की जा रही व्यवस्थाओं को निरस्त कर दें, यह कथन अत्यंत अनुशासनहीनता की श्रेणी में लिया जाना चाहिए। ज्ञातव्य हो इंदौर क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा 10/07/2021 को जबलपुर में आयोजित प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक में भी पूर्व नियोजित प्लान के मुताबिक मुझ पर तथाकथित अनुशासनहीनता के आरोप लगाकर कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की गई जबकि इंदौर क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा विगत अनेक वर्षों में स्वयं पद पर रहते हुए अनेक बार सार्वजनिक रूप से अनुशासनहीनता की गई है परंतु आपसी मिलीभगत होने के कारण क्षेत्रीय अध्यक्ष इंदौर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे यह प्रतीत होता है कि क्लब के पदाधिकारी समान आचरण संहिता से कामना करते हुए किसी व्यक्ति विशेष को टारगेट करते हैं।

समस्त क्षेत्रों के अध्यक्षों द्वारा 30वीं प्रतियोगिता के सम्बंध में किसी भी स्थिति में प्रतियोगिता को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने अथवा निरस्त करने हेतु नहीं लिखा गया उनके द्वारा केवल प्रतियोगिता में न आने की असमर्थता एवं संशय व्यक्त किया गया। पत्र में खेल विभाग द्वारा जारी किये गये खेल कैलेण्डर की पूरी तरह अवहेलना करते हुए होशंगाबाद क्षेत्र को नियमानुसार आवंटित प्रतियोगित कराने के अधिकार से वंचित करते हुए भोपाल में प्रतिकूल माहौल होने पर कराने सम्बंधी निर्देश जारी कर दिये गये। उल्लेखनीय है कि म.प्र. में भोपाल, इंदौर एवं ग्वालियर में कोविड संक्रमण का प्रकोप अधिक था किंतु होशंगाबाद में संक्रमण कम था। कृपया खेल कैलेण्डर अनुसार आगामी प्रतियोगिता होशंगाबाद क्षेत्र को आवंटित करने का निर्णय लिया जाता है तो यह होशंगाबाद क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिये मेज़बानी करने का अवसर होगा।

मेरे द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन को अच्छा बनाने के उद्देश्य से कार्य किये गये हैं जिसे सदैव ही क्लब द्वारा ना केवल अन्यथा में लिया गया अपितु अच्छे खेल भावनाओं से प्रेरित प्रयासों को पृथक करते हुए अनुशासनहीनता की श्रेणी में ले लिया। मेरे विरूद्ध अनुशासनहीनता में लिप्त होने का तथाकथित आरोप लगाकर पहले मुझे 3 वर्ष के लिये पद से हटाकार क्लब की सदस्यता निष्कासित करते हुए खेलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। मेरे द्वारा अपने पद से हटाने के सम्बंध में अपील करने पर समन्वय समिति द्वारा बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार मेरे निलंबन में शिथिलता बरतते हुए अब मुझे क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद के पद से पृथक रखते हुए आगामी 5 वर्षों तक किसी भी निर्वाचन में भाग लेने से वंचित करने का निर्णय लिया गया जो मेरी क्लब के प्रति आस्था एवं मेरे आत्मसम्मान को चोट पहुचांने वाला निर्णय रहा। मेरे विरूद्ध पदच्युत करने एवं निर्वाचन में भाग लेने का प्रतिबंध पूर्वानुमान, पूर्वागृह व योजनाबद्ध तरीके से लिया गया है जो मेरी खेल भावना को आहत करने का कार्य है।

मेरे द्वारा कार्यपालन यंत्री आयोजक से मिलकर सदैव ही क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद के पद पर रहत हुए प्रतियोगिता के आयोजन पर गंभीरता पूर्वक कार्य किया गया।

मेरा अनुरोध है कि कृपया क्लब का मुख्य ट्रस्टी होने के नाते मेरे विरूद्ध स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किये गये समस्त निलंबन को निरस्त करने एवं मुझे ससम्मान क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद के पद पर पुनः बहाली के निर्देश देने का कष्ट करें, साथ ही विभाग द्वारा निर्धारित खेल कैलेण्डर के अनुसार आगमी वर्ष में होने वाली खेल प्रतियोगिता होशंगाबाद क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित कराने की जिम्मेदारी देने का कष्ट करें यह भी विचारणीय है कि स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विगत कई वर्षों से मनमाने तरीके से एक तरफा निर्णय लिये जा रहे हैं जो निम्नानुसार हैं :-

1. प्रांतीय क्लब के निर्वाचन प्रतियोगिता स्थल पर न कराते हुए अलग से कराये जाने का निर्णय केवल भोपाल में कराने का निर्णय अलग से निर्वाचन कराने में विभागीय व्यय यात्रा भत्तों के रूप में होता है।

2. होशंगाबाद क्षेत्रांतर्गत पूर्व से आवंटित जिले होशंगाबाद, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा तथा नरसिंहपुर में से एवं छिंदवाड़ा को होशंगाबाद क्षेत्र से हटाकर जबलपुर क्षेत्र को आवंटित करना।

3. क्लब के 12 संस्थापक सदस्यों में से सरल क्रं. 06 (स्पोर्ट्स क्लब के नियमोप नियम की बुक) पर श्री एम.एम. श्रीवास्तव का नाम हटाकर आदूरदर्शितापूर्ण निर्णय।

4. क्लब के नियमानुसार पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों को एक्स ऑफिशियो के रूप में मनोनीत करने का प्रस्ताव खारिज करने के साथ ही क्षेत्रीय क्लब होशंगाबाद द्वारा होशंगाबाद क्षेत्र के सदस्यों को प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत करने के प्रस्ताव को भी अमान्य करना। सुलभ संदर्भ हेतु मेरे द्वारा समय - समय पर स्पोर्ट्स क्लब से किये गये पत्राचारों की छायाप्रतियां (30 नग) महोदय के अवलोकनार्थ संलग्न है।

आशा है कि आप खेल हित में उचित एवं सारगर्भित निर्णय लेने का कष्ट करेंगे।

दिनांक 18/11/2021

भवदीय

(हस्ताक्षर)

बसारत खान

क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब